नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – **14**

No. of Printed Pages – **8**

# S-121-Hindi (D & D) (Supp.)

## हिंदी

### माध्यमिक (मूक–बधिर) पूरक परीक्षा, 2020

**समय : 4¼ घण्टे**

**पूर्णांक : 80**

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न–पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

(2) **सभी** प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं ।

(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें ।

(4) जिन प्रश्नों के 1, 2, 3, 4 भाग हैं, उन सभी का हल एक साथ सतत् लिखें ।

## खण्ड – 1

1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **4 × 2 = 8**

नेहरूजी ने एक सभा में भाषण देते हुए इस बात पर बल दिया था कि छात्रों को शिक्षा के साथ–साथ खेलों का महत्त्व भी समझना चाहिए । खेल शिक्षा का एक महत्त्वपूर्ण अंग है । खेद है कि आप खेलों की आवश्यकता को खूब समझते हैं पर खेल सामग्री के अभाव की ओर कभी आपका ध्यान नहीं गया । खेलों के अनेक लाभ हैं । ये स्वास्थ्य के लिए बड़े उपयोगी हैं । खेल अनुशासन, समय–पालन, सहयोग तथा सद्भावना का भी पाठ पढ़ाते हैं ।

(1) इस गद्यांश का एक उचित शीर्षक लिखिए । **2**

(2) खेल किसका महत्त्वपूर्ण अंग है ? **2**

(3) खेलों से क्या लाभ हैं ? **2**

(4) खेलों का महत्त्व समझने की सलाह किसने दी ? **2**

2. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **4 × 2 = 8**

कुछ काम करो, कुछ काम करो,
जग में रहकर कुछ नाम करो !
यह जन्म हुआ किस अर्थ अहो,
समझो जिससे यह व्यर्थ न हो ।
कुछ तो उपयुक्त करो तन को,
नर हो, न निराश करो मन को ।।
सम्भलो कि सुयोग न जाय चला,
कब व्यर्थ हुआ सदुपाय भला ।।
पथ आप प्रशस्त करो अपना ।
अखिलेश्वर है अवलम्बन को,
नर हो, न निराश करो मन को ।

(1) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। 2

(2) 'पथ आप प्रशस्त करो अपना' पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए। 2

(3) प्रस्तुत पद में 'अखिलेश्वर' शब्द का क्या अर्थ है ? 2

(4) 'जन्म' शब्द का विलोम शब्द छाँटकर लिखिए। 2

(अ) जीवन (ब) मरण (स) उद्भव (द) जीव

**अथवा**

वीर जवानों सुनो तुम्हारे सम्मुख एक सवाल है।
जिस धरती को तुमने सींचा
अपने खून-पसीने से,
हार गई दुश्मन की गोली
वज्र सरीखे सीनों से।
जब-जब उठी तुम्हारी बाहें होता वश में काल है।
जिस धरती के लिए सदा
तुमने सब कुछ कुर्बान किया,
सूली पर चढ़-चढ़, हँस-हँस कर
काल-कूट का पान किया।
जब-जब तुमने कदम बढ़ाया, हुई दिशाएँ लाल हैं।

(1) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। 2

(2) कदम बढ़ाने पर दिशाएँ कैसी हुई हैं ? 2

(3) धरती को किससे सींचा गया है ? 2

(4) काव्यांश में 'पान' का अर्थ है – 2

(अ) पीना (ब) हँसना (स) रोना (द) गाना

## खण्ड – 2

3. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर **15** पंक्तियों में निबन्ध लिखिए : **8**

(1) गणतन्त्र दिवस

(2) भारतीय संस्कृति का अनुपम उपहार–योग

(3) आदर्श विद्यार्थी जीवन

(4) बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ

4. स्वयं को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मंदसौर का छात्र प्रेमप्रकाश मानते हुए अपने प्रधानाचार्य को विद्यालय में खेल–सुविधाएँ बढ़ाने का निवेदन करते हुए एक प्रार्थना–पत्र लिखिए । **4**

**अथवा**

स्वयं को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, भोपाल का छात्र गौरव कुमार मानते हुए अपने पिता का स्थानान्तरण नीमच हो जाने के कारण स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र प्राप्त करने के लिए प्रधानाचार्य को एक प्रार्थना–पत्र लिखिए ।

## खण्ड – 3

5. (1) 'राकेश आम खाता है ।' – रेखांकित पद में क्रिया बताते हुए उसकी परिभाषा भी लिखिए । **1 + 1 = 2**

(2) 'अमरसिंह ने गत वर्ष दसवीं कक्षा उत्तीर्ण कर ली थी ।' – दिए गए वाक्य में से 'कारक' व 'काल' का नाम लिखिए । **1 + 1 = 2**

(3) निम्नांकित वाक्यों को शुद्ध रूप में लिखिए : **1 + 1 = 2**

(i) यह महिला विद्वान है ।

(ii) पक्षी पेड़ में बैठे हैं ।

(4) 'छक्के छुड़ाना' मुहावरे का अर्थ बताते हुए स्वरचित वाक्य में प्रयोग कीजिए । **1 + 1 = 2**

(5) 'यथा राजा, तथा प्रजा' लोकोक्ति का अर्थ बताते हुए स्वरचित वाक्य में प्रयोग कीजिए । **1 + 1 = 2**

**खण्ड – 4**

6. निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **2 × 2 = 4**

स्वामी रामानन्द ने 'राम' नाम सुमिरन की आज्ञा देकर कहा – "राम नाम का आँचल मत छोड़ना । 'राम' नाम ही सर्वोपरि है ।" पीपा की सोई हुई आत्मा जाग उठी । रामानन्द जी से दीक्षा लेकर वे उनके शिष्य बन गए । पूर्ण उपदेश प्राप्त कर वे गागरौन वापस लौट आए । यहाँ आकर उनकी दिनचर्या ही परिवर्तित हो गई । दिन–रात हरि–सुमिरन में समय व्यतीत होने लगा । राजकाज से मन उचट गया । राजपाट को वे अहंकार और भय का कारण मानने लगे । एक दिन ऐसा भी आया जब वे सब कुछ त्याग कर वैराग्य धारण कर प्रभु भक्ति में लीन हो गए ।

(1) स्वामी रामानन्द ने संत पीपा को क्या आज्ञा दी ? **2**

(2) संत पीपा राजपाट को किसका कारण मानने लगे ? **2**

7. निम्नलिखित पद्यांशों में से किसी **एक** को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **2 × 2 = 4**

प्रभो ! प्रेममय प्रकाश तुम हो,
प्रकृति – पद्मिनी के अंशुमाली ।
असीम उपवन के तुम हो माली,
धरा, बराबर बता रही है ।

(1) ईश्वर को 'प्रेममय प्रकाश' क्यों कहा गया है ? **2**

(2) 'अंशुमाली' से क्या तात्पर्य है ? **2**

**अथवा**

अभी न होगा मेरा अन्त
अभी–अभी ही तो आया है
मेरे जीवन में मृदुल वसन्त–
अभी न होगा मेरा अन्त ।

(1) उपर्युक्त काव्यांश में किस ऋतु के आगमन की बात कही गई है ?

(2) 'मृदुल वसन्त' जीवन के किस पड़ाव का प्रतीक है ?

8. निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में लिखिए : **4 × 1 = 4**

(1) 'भृगुसुत' से क्या तात्पर्य है ? **1**

(1) परशुराम (2) विश्वामित्र (3) लक्ष्मण (4) राम

(2) कवि 'देव' का जन्मस्थान है – **1**

(1) इटावा (2) सौरो (3) रूनकता (4) अयोध्या

(3) महावीर प्रसाद द्विवेदी ने किस पत्रिका का सम्पादन किया ? **1**

(1) माधुरी (2) कविवचन सुधा (3) जागरण (4) सरस्वती

(4) "तुम्हारी निन्दा वही करेगा, जिसकी तुमने भलाई की है" – यह किस महापुरुष का कथन है ? **1**

(1) ईश्वरचन्द्र विद्यासागर (2) दिनकर

(3) नीत्से (4) महात्मा गाँधी

9. निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर **एक** पंक्ति में दीजिए : **4 × 1 = 4**

(1) गोपियों के अनुसार सारे बन्धन तोड़ कर कौन, कहाँ चला गया ? **1**

(2) दूध एवं नीर को कौन अलग-अलग कर सकता है ? **1**

(3) भारतेन्दु जी की अपूर्व पाठशाला में नियुक्त शिक्षकों की सबसे बड़ी विशेषता क्या थी ? **1**

(4) "हमें स्वतंत्रता चाहिए……सिर्फ स्वतंत्रता", यह कथन किसने किससे कहा ? **1**

10. निम्नांकित चार प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **3 × 2 = 6**

(1) 'चतुरंग दल' से सेनापति का क्या तात्पर्य है ? **2**

(2) 'मातृवन्दना' कविता से क्या प्रेरणा संदेश दिया गया है ? **2**

(3) लक्ष्मीबाई को किसकी गाथाएँ याद थी ? **2**

(4) 'कन्यादान' कविता में माँ की मूल चिन्ता क्या है ? **2**

11. निम्नांकित चार प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **3 × 2 = 6**

(1) हामिद ने चिमटे की उपयोगिता सिद्ध करने के लिए कौन से तर्क दिए ? **2**

(2) शकुन्तला ने दुष्यन्त के विषय में दुर्वाक्य क्यों कहे ? **2**

(3) लेखक ने ईर्ष्यालु व्यक्ति के क्या लक्षण बताए हैं ? **2**

(4) दादूजी ने निन्दा–स्तुति के बारे में क्या कहा है ? **2**

12. निम्नांकित प्रश्नों का उत्तर **5-6** पंक्तियों में दीजिए : **2 × 4 = 8**

(1) 'लक्ष्मण परशुराम संवाद' की भाषागत विशेषताएँ लिखिए । **4**

**अथवा**

कवि कृपाराम खिड़िया के संकलित अंश के आधार पर वाणी के महत्त्व को स्पष्ट कीजिए ।

(2) "भारत प्रकृति का खूबसूरत उपहार है", क्या यह कथन सत्य है, स्पष्ट कीजिए । **4**

**अथवा**

"सड़क–सुरक्षा" का उत्तरदायित्व नागरिकों पर है या सरकार पर – इस विषय पर अपने विचार स्पष्ट कीजिए ।

13. निम्नलिखित में से किसी **एक** कवि का जीवन–परिचय संक्षेप में लिखिए : **1 × 3 = 3**

(1) देव

(2) नागार्जुन

(3) ऋतुराज

14. निम्नांकित में से किसी **एक** साहित्यकार का जीवन–परिचय संक्षेप में लिखिए : **1 × 3 = 3**

(1) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(2) मोहन राकेश

(3) रामबक्ष

---

DO NOT WRITE ANYTHING HERE